वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 07 फरवरी 2021

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

उत्तराखंड की आकस्मिक बाढ़ से हताहत परिवारों के शीघ्र राहत व पुनर्वास हेतु उठायें कदम

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, उत्तराखंड के चमोली जिले के जोशीमठ में ग्लेशियर फटने से अलकनंदा नदी में आई विकराल बाढ़ में मृतक नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करती है तथा उनके परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट करती है। अभाविप सरकार से इस जल प्रलय में प्रभावितों के पुनर्वास हेतु शीघ्रातिशीघ्र कदम उठाने का आग्रह करती है।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा, "उत्तराखंड के चमोली जिले में ग्लेशियर फटने की घटना अत्यंत दुखद है। अभाविप कामना करती है कि इस आपदा में पीड़ित परिवारों का जीवन शीघ्र पटरी पर लौटे। अभाविप के कार्यकर्ता राहत कार्य हेतु कटिबद्ध हैं। इस तरह की घटना प्रकृति के संरक्षण तथा उसके अनुकूल गतिविधियां करने की अनिवार्य आवश्यकता पर पुनः ध्यानाकर्षण करती है, इस दिशा में गंभीरता से सोचना होगा।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)